# 4. अधिक बलवान कौन?

0217CH04

एक बार हवा और सूरज में बहस छिड़ गई।
हवा ने सूरज से कहा– मैं तुमसे अधिक बलवान हूँ।
सूरज ने हवा से कहा– मुझमें तुमसे ज़्यादा ताकत है।
इतने में हवा की नज़र एक आदमी पर पड़ी।
हवा ने कहा– इस तरह बहस करने से कोई फ़ायदा नहीं है। जो इस आदमी का कोट उतरवा दे, वही ज़्यादा बलवान है।



सूरज हवा की बात मान गया।
उसने कहा– ठीक है। दिखाओ अपनी ताकत।
हवा ने अपनी ताकत दिखानी शुरू की।
आदमी की टोपी उड़ गई।
पर कोट उसने अपने दोनों हाथों से शरीर से लपेटे रखा और जल्दी-जल्दी कोट के बटन बंद कर लिए।

© NCERT not to be republished

हवा और ज़ोर से चलने लगी।

अंत में आदमी नीचे ही गिर पड़ा। पर कोट उसके शरीर पर ही रहा। अब हवा थक गई थी।

सूरज ने कहा– हवा, अब तुम मेरी ताकत देखो।

सूरज तपने लगा।

आदमी ने कोट के बटन खोल दिए।

सूरज की गर्मी और बढ़ी।

आदमी ने कोट उतार दिया और उसे हाथ में लेकर चलने लगा।

सूरज ने कहा–देखी मेरी ताकत? उतरवा दिया न कोट?

हवा ने सूरज को नमस्कार किया और कहा–मान गई तुम्हारी ताकत को।



© NCERT not to be republished



2019-2020





## हवा की बात

- हवा को ऐसा क्यों लगा होगा कि वह सूरज से अधिक बलवान है?
- हवा आदमी का कोट कैसे उतरवा सकती थी? कोई तरकीब सोचो।



## गर्मी

- आदमी ने गर्मी लगने पर कोट उतार दिया। तुम गर्मी लगने पर क्या-क्या करती हो?

....................................................................................

....................................................................................

....................................................................................



## किसमें कितनी ताकत

बताओ, इनमें से कौन अधिक बलवान है? तुम्हें ऐसा क्यों लगता है?

- **सूरज या हवा?**

  मुझे लगता है कि .......................... अधिक बलवान है

  क्योंकि ..................................................................

- **हाथी या शेर?**

  मुझे लगता है कि .......................... अधिक बलवान है

  क्योंकि ..................................................................

- **गर्मी या सर्दी?**

  मुझे लगता है कि .......................... अधिक बलवान है

  क्योंकि ..................................................................

© NCERT not to be republished



## ताकत की बात

(क) हवा ने अपनी ताकत दिखाने के लिए क्या किया?

(ख) सूरज ने अपनी ताकत दिखाने के लिए क्या किया?

(ग) ये सब अपनी ताकत दिखाने के लिए क्या करेंगे?

- पानी
- बादल
- पहाड़
- सर्दी



## तो क्या होता

मान लो कि हवा ने कहा – जो मिट्टी में गड़े इस तंबू को उखाड़ दे, वह ज़्यादा ताकतवर होगा। ऐसा होता तो कहानी में आगे क्या होता? सोचो और बताओ।



## शब्दों का खेल

| ता | ज | म | ह | ल |
|---|---|---|---|---|

यहाँ पर छह शब्द छिपे हैं–

*ताज, महल, जम, हल, ताल, मल*

नीचे लिखे शब्द में तुम भी इसी तरह आठ शब्द ढूँढ़ो।

| क | म | ल | क | क | ड़ी |
|---|---|---|---|---|---|



## एक के बदले दूसरा

- **बलवान** की जगह हम **ताकतवर** शब्द का इस्तेमाल कर सकते हैं। नीचे लिखे शब्दों की जगह तुम और कौन-से शब्द चुन सकती हो?

अधिक .................... शरीर ....................

फ़ायदा .................... झगड़ा ....................

नमस्कार .................... सर्दी ....................







© NCERT not to be republished